


**कंगना रनोट बठिंडा कोर्ट में हुई पेश**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 195 ■ मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# अंबरनाथ पुलिस ने 45 मोबाइल लोगों को लौटाए

**चोरी, गुम हुए मोबाइल मिलने से लोग हुए खुश**



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने चोरी हुए, गुम हुए लगभग 45 मोबाइल बरामद कर लोगों को वापस किए हैं. मुद्देमाल हस्तांतरण कार्यक्रम के अंतर्गत ये मोबाइल वापस किए गए हैं. दिवारी त्यौहार पर लोगों को उनके हजारों रुपए कीमत का मोबाइल मिलने पर कहा है कि पुलिस विभाग ने उन्हें दिवाली का गिफ्ट दिया है. सभी ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है.

सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले, अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में एक कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों को मोबाइल वापस किया है. पुलिस ने तांत्रिक विश्लेषण के आधार पर मोबाइल फोन का आईएमआईए नंबर और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर ये फोन प्राप्त किए हैं. आधुनिक तंत्रज्ञान का उपयोग करके पुलिस ने चोरी गए अथवा गुम हो गए मोबाइल को प्राप्त करने में सफलता पाई है. इसमें से कुछ मोबाइल अन्य राज्यों से प्राप्त किए गए हैं. मोबाइल की वापसी से पुलिस और लोगों के बीच विश्वास बढ़ा है. मोबाइल मिलने के बाद एक व्यक्ति ने कहा कि उन्हें मोबाइल चोरी के बाद विश्वास ही नहीं था कि उनका मोबाइल वापस मिलेगा. लेकिन पुलिस विभाग की सतर्कता से उन्हें मोबाइल मिलने पर पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया है.

सहायक पुलिस आयुक्त काले ने कहा है कि कुल 182 मोबाइल मिसिंग रजिस्टर में दर्ज हैं. जिसमें से 45 मोबाइल प्राप्त होने के बाद लोगों को वापस किए गए हैं. उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि मोबाइल या अन्य वस्तु चोरी या गुम होने के बाद पुलिस में उसकी शिकायत दर्ज कराएं.

# शहाड ब्रिज पर बड़े हादसे का इंतजार?

- यातायात बंद होने के बावजूद मरम्मत कार्य ठप
- नागरिकों में भारी नाराजगी
- चुनाव के मद्देनजर नेताओं के झूठे वादे
- आए दिन हो रही दुर्घटना
- उल्हासनगर से कल्याण पहुंचना हुआ मुश्किल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के सड़कों की खस्ता हालत से ना तो नेताओं को कोई फर्क पड़ रहा है और ना ही प्रशासन को लेकिन शहरवासियों के लिए सड़कें मौत का कुआ बनी हुई है। पिछले दिनों शहाड ब्रिज से यू टर्न लेते हुए कल्याण से उल्हासनगर की ओर जा रहे दुपहिया वाहन चालक की मौत हो गई। बावजूद प्रशासन व नेताओं की नींद नहीं खुली। आए दिन सड़कों के कारण हो रही दुर्घटनाओं का जिम्मेदार प्रशासन रास्तों की मरम्मत करने में पूरी तरह फेल हुआ है। उल्हासनगर से कल्याण और कल्याण से उल्हासनगर आना-जाना अब पहुंच ही कठिन हो गया है। वालधुनी ब्रिज व शहाड ब्रिज पर इतनी ज्यादा ट्रैफिक होती है कि



कल्याण पहुंचने में ही घंटों लग जाते हैं यही हाल स्कूली बसों का भी है। स्कूली बसों को रोजाना आधे से एक घंटे तक ट्रैफिक झेलनी पड़ रही है। शहाड रेलवे ब्रिज की खस्ता हालत से यहां ट्रैफिक भी रहता है और ब्रिज की खस्ता हालत के कारण लोगों में डर का भी माहौल है। इसकी मरम्मत का वादा नेताओं और प्रशासन ने किया था हो पूरा नहीं हो पाया है।

कल्याण-नगर राजमार्ग पर स्थित शहाड रेलवे फ्लाईओवर की खस्ता हालत को लेकर नागरिक, यात्री और ट्रांसपोर्टर प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त कर रहे हैं। यह पुल 'हाईवे' की बजाय 'गड्ढों वाली सड़क' बन गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने पुल की मरम्मत के लिए 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक यातायात पूरी तरह बंद रखने का वादा किया था; हालांकि, यह 15 दिन का प्रतिबंध व्यर्थ चला गया और 26 अक्टूबर तक भी पुल पर डामर नहीं, बल्कि गड्ढों का साम्राज्य है। नागरिकों का आरोप है कि मरम्मत के नाम पर केवल अस्थायी और औपचारिक काम करके पुल को फिर से खोल दिया गया। पुल की सतह पूरी तरह से उखड़ चुकी है और ऊँची-नीची खाइयों के कारण वाहन चालकों को जान हथेली पर रखकर यात्रा करनी पड़ रही है। दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है और दोपहिया व चार पहिया वाहन सचमुच लड़खड़ा रहे हैं।

### वाहन चालक परेशान

शहाड पुल की हालत तो खराब है ही, कल्याण-मुरबाड मार्ग की हालत भी बेहद खराब है। सड़क पर गड्ढों से नागरिक परेशान हैं। दोनों सड़कों का काम ठप होने के कारण नागरिक प्रशासन से गुस्से में पूछ रहे हैं कि हमारी सड़क की ज़िंदगी इन गड्ढों में क्यों फंसी हुई है। प्रशासन की लापरवाही से नागरिकों में रोष है।

# उल्हासनगर में हटरी पूजा के बाद अस्वच्छता

- हीराघाट इलाके में हटरी के ढेर

**उल्हासनगर.** हर साल की तरह इस साल भी सिंधी समुदाय की पारंपरिक 'हटरी पूजा' के बाद, उल्हासनगर शहर में कई जगहों पर सड़कों पर हटरी फेंके जाने से गंदगी की समस्या पैदा हो गई है। कैंप क्रमांक 3 के हीराघाट इलाके में मिट्टी और लकड़ी की हटरी के ढेर जमा होने से इलाके में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इलाके के नागरिकों ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। पिछले कुछ सालों से सामाजिक संगठन इन हटरियों को इकट्ठा कर मिट्टी और लकड़ी को अलग करके स्वच्छता बनाए रख रहे थे, लेकिन इस साल किसी ने पहल नहीं की और मनपा ने भी



इसकी सफाई नहीं की, जिससे सड़कों से गुजरने वाले राहगीरों को असुविधा हो रही है।

हटरी पूजा सिंधी समुदाय की एक पारंपरिक प्रथा है और पूजा के बाद हटरी सड़कों पर फेंक दी जाती है। इससे शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है। इसलिए, जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन और सामाजिक संगठन मिलकर इन हटरियों के नियोजित और पर्यावरण-अनुकूल निपटान के लिए ठोस कदम उठाएँ। नागरिकों ने यह भी राय व्यक्त की है कि हटरियों की मिट्टी और लकड़ी को पुनः उपयोग योग्य बनाया जा सकता है।

सिंधी समुदाय में दिवाली के दौरान हटरियों की पूजा एक बहुत ही महत्वपूर्ण और पारंपरिक प्रथा है। घर के प्रत्येक पुरुष सदस्य के नाम पर मिट्टी की हटरी की पूजा की जाती है, लेकिन पूजा के बाद इन हटरियों को सड़कों पर फेंक दिया जाता है, जिससे शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और सामाजिक संगठनों को इन हटरियों के नियोजित पुनः उपयोग के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग

शहर के जागरूक नागरिकों और कुछ स्वयंसेवी संगठनों ने अपील की है कि अगले वर्ष से मनपा और सामाजिक संगठनों की संयुक्त पहल से इन हटरियों का पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटान किया जाए। हटरियों की मिट्टी का पुन: उपयोग किया जा सकता है, जबकि लकड़ी का उपयोग अन्य उपयोगी कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। उचित योजना के साथ, पारंपरिक त्योहारों का सम्मान करते हुए शहर को स्वच्छ रखना संभव होगा।

# मुंब्रा बायपास पर पत्थर गिरने से यातायात प्रभावित

**मुंब्रा.** रविवार शाम को मुंबई-ठाणे के व्यस्त म्हापडा बायपास पर अचानक एक बड़ा पत्थर गिर गया। इस वजह से कुछ देर के लिए ट्रैफिक रुक गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई। ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के डिजास्टर मैनेजमेंट सेल से मिली जानकारी के मुताबिक, शाम 7 बजकर 44 मिनट पर यह पत्थर शिल से ठाणे की ओर जाने वाले रास्ते पर गिरा। एक ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल ने इस घटना की सूचना दी।

# अंबरनाथ पुलिस ने दिवाली पर धोखादायक कृत्य करने पर शहबाज पर दर्ज किया अपराध

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में भांडुप पुलिस में कार्यरत एवं अंबरनाथ निवासी एक पुलिस कर्मी पर भांडुप निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ ये अपराध दर्ज कराया है कि उस व्यक्ति ने अंबरनाथ में दिवाली की रात में अपने हाथ में ज्वालाग्रही स्फोटक बड़ा पटाखा लेकर अग्निवर्षाव करके धोखादायक कृत्य किया है.

पुलिस समाधान गोडसे (36) की शिकायत पर अंबरनाथ पुलिस ने शहबाज याकूब मल्लिक उर्फ सज्जू (37) के खिलाफ, जो कि खिंडीपाड़ा भांडुप निवासी है, पर अपराध दर्ज किया है.

आरोपी शहबाज पर आरोप है कि उसने 21 अक्टूबर की रात 8 से 9 बजे के बीच न्यू कालोनी गरीब नवाज कॉम्प्लेक्स की खुली जगह पर लोगों में डर, भय उत्पन्न करने के लिए गरीब नवाज काम्प्लेक्स न्यू कालोनी के खुले मैदान में हाथ में ज्वालाग्रही स्फोटक बड़ा पटाखा लेकर सार्वजनिक ठिकाने पर किसी भी प्रकार का सुरक्षितता का ख्याल ना रखते हुए स्वतः का एवं अन्य लोगों के मानवी जीवन एवं मालमत्ता को धोखा हो, इसका ध्यान ना रखते हुए अग्निवर्षाव करके धोखादायक गैर कृत्य किया है. पुलिस ने शहबाज उर्फ सज्जू के खिलाफ भा.न्याय. संहिता 125, 285 के अनुसार अपराध दर्ज कर लिया है.

**कल्याण में फर्जी संशोधित निर्माण परमिट मामले में**

# भू-माफिया के खिलाफ अपराध दर्ज

**कल्याण.** मनपा के नगर नियोजन विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर, बाजार पुलिस ने कल्याण पश्चिम में कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के वार्ड सी में कल्याण डोंबिवली मनपा के बैलबाजार क्षेत्र में छह मंजिला आवासीय परिसर के लिए फर्जी संशोधित निर्माण परमिट तैयार करके महाराष्ट्र सरकार और कल्याण डोंबिवली नगर प्रशासन को धोखा देने के आरोप में एक भू-माफिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भू-माफिया का नाम सलमान अनीस डोलारे (42), निवासी मरियम टॉवर, दूधनाका, कल्याण बताया गया है। कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका नगर नियोजन विभाग के नगर नियोजक सुरेंद्र टेंगले की शिकायत पर पुलिस ने सलमान दोलारे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 420, 467, 46-5, 468, 47-1 के तहत मामला दर्ज किया है।

पिछले साल, भू-माफिया सलमान दोलारे के खिलाफ बाजारपेट पुलिस स्टेशन में एक मनपा कर्मचारी और अन्य लोगों के साथ मकान खरीदने में धोखाधड़ी करने और महानगर पालिका के



बगीचे और पार्क के आरक्षित भूखंड पर अवैध इमारत बनाने का मामला दर्ज किया गया था। इस अपराध की जांच स्थानीय पुलिस ने शुरू की थी। हालाँकि, बाद में इन अपराधों की जांच पिछले साल ठाणे अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दी गई थी।

सलमान दोलारे ने जाली दस्तावेजों के आधार पर इस क्षेत्र में अवैध इमारतों का निर्माण किया है। इन मामलों की जांच जारी है, अब डोलारे द्वारा एक अवैध इमारत के लिए संशोधित निर्माण अनुमति का मामला सामने आया है। महानगर पालिका के सी वार्ड कार्यालय ने भी पिछले साल एक आरक्षित भूखंड पर अवैध इमारत बनाने के लिए भू-माफिया सलमान दोलारे के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कल्याण पश्चिम में नगर पालिका के सी वार्ड कार्यालय के माध्यम से 2023 में की गई इस प्रकार की धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया गया है।

# झगड़े के बाद लड़के ने किशोरी को आग लगाई

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में झगड़े के बाद एक किशोर ने 17 वर्षीय एक लड़की को कथित तौर पर उसके ही घर में आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 24 अक्टूबर को बालकुम इलाके में हुई। पीड़िता का इलाज चल रहा है जो लगभग 80 प्रतिशत जल गई है और उसकी हालत गंभीर है।

कपूरबावड़ी थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रवीण माने ने बताया कि 17 वर्षीय आरोपी, किशोरी का दोस्त था। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है तथा उस पर हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि किशोर ने लड़की के घर जाकर कथित तौर पर उस पर ज्वलनशील पदार्थ डाला और उसे आग लगा दी। लड़की के शोर मचाने के बावजूद, आरोपी मौके पर ही मौजूद रहा और उसने उसे बचाने की कोशिश नहीं की।



इसके बाद आरोपी लड़की को ठाणे के सरकारी अस्पताल ले गया जहां से उसे बाद में उपचार के लिए मुंबई के केईएम अस्पताल भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद किशोर को हिरासत में लेकर किशोर न्यायालय के सामने पेश किया गया। न्यायालय ने उसे रिमांड होम में रखने का आदेश दिया।

उन्होंने बताया कि कपूरबावड़ी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है।


# कल्याण में आज 9 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद

**कल्याण.** कल्याण क्षेत्र के नागरिकों को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। खबर है कि मंगलवार (28) को शहर की जलापूर्ति बंद रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार (28) को कल्याण पूर्व और पश्चिम समेत विभिन्न इलाकों में नौ घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी। कल्याण-डोंबिवली मनपा के 12वें और मोहिली जल शोधन केंद्रों पर कच्चे पानी के चैनल से गाद निकालने और बिजली व यांत्रिक उपकरणों की मरम्मत के लिए यह बंद किया जाएगा। कल्याण-डोंबिवली मनपा के 12वें और मोहिली जल शोधन केंद्रों से कल्याण पश्चिम, कल्याण पूर्व, साथ ही कल्याण ग्रामीण संभाग के वडावली, शहाड और टिटवाला गाँव क्षेत्रों में जलापूर्ति मंगलवार सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। KDMC के जल आपूर्ति विभाग ने इस क्षेत्र के नागरिकों से आवश्यक जल संचयन कर मनपा का सहयोग करने की अपील की है।

# विभिन्न बैंकों में 452 करोड़ 39 लाख रुपये की अघोषित जमा राशि!

**कल्याण.** ठाणे जिले के विभिन्न बैंकों में व्यक्तिगत, संस्थागत और सरकारी योजनाओं के विभिन्न खातों में कई महीनों से 452 करोड़ 39 लाख रुपये की अघोषित जमा राशि पड़े होने का पता चला है। इन जमा राशियों को संबंधित खाताधारकों को वापस दिलाने और खाताधारकों का पता लगाने के लिए जिला अग्रणी बैंक के माध्यम से एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान दिसंबर तक चलाया जाएगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक के नियमों के अनुसार, 10 वर्षों से निष्क्रिय पड़े खातों की राशि 'जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि' यानी डीईएफ में स्थानांतरित कर दी जाती है। हालाँकि, खाताधारकों या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों का इस धन पर पूरा अधिकार होता है और वे इस राशि को कभी भी वापस प्राप्त कर सकते हैं। यह निधि



जमाकर्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने वाली निधि है और रिज़र्व बैंक इस धन के संरक्षक के रूप में कार्य करता है। यदि जमाकर्ता या उत्तराधिकारी संबंधित बैंक में आवेदन करता है और आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा करता है, तो बैंक सत्यापन करके पूरी राशि ब्याज सहित वापस कर देता है। इसी संदर्भ में यह अभियान चलाया जा रहा है।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से 'आपकी संपत्ति, आपके अधिकार' नामक अभियान चलाया जा रहा है। इस तीन महीने के विशेष अभियान का उद्देश्य जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष में जमा की गई दावारहित जमाराशियों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना और पात्र जमाकर्ताओं को उनका पैसा वापस दिलाना है।

यह अभियान ठाणे जिले में अक्टूबर माह में शुरू किया गया था और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहल और सभी बैंकों के सहयोग से 31 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है।

जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक अभिषेक पवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में ठाणे जिले के विभिन्न बैंकों में कुल 11 लाख 38 हज़ार 421 खाते हैं, जिनमें 452.39 करोड़ रुपये की दावारहित जमाराशियाँ हैं और इन सभी खाताधारकों को उनका पैसा वापस दिलाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

# क.डों.मनपा चुनाव के लिए भाजपा की मोर्चाबंदी

- शिंदे गुट और मनसे कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**कल्याण.** आगामी मनपा चुनावों की पृष्ठभूमि में, भाजपा ने डोंबिवली में एक ज़ोरदार मोर्चाबंदी शुरू की है। डोंबिवली पश्चिम में मनसे और शिवसेना शिंदे गुट के 200 से ज़्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाल ही में भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की उपस्थिति में प्रवेश समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, समाज कल्याण बोर्ड के कार्यकर्ता और महिला स्वयं सहायता समूहों की महिला कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुईं। डोंबिवली पश्चिम के गरीबाचा वाड़ा, देवीचा पाड़ा, महाराष्ट्र नगर और खंडोबा मंदिर जैसे इलाकों के



कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। भाजपा ने पश्चिम स्थित मराठा मंडल हॉल में 'कार्यकर्ता संवाद और पार्टी प्रवेश' कार्यक्रम का आयोजन किया था और यह पार्टी प्रवेश उसी समय हुआ।

राजूनगर वार्ड में भाजपा की एक मजबूत ताकत बनाने के लिए, कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर डोंबिवली पश्चिम से पार्टी में शामिल होने के इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जोड़ने का अभियान शुरू किया है। चूँकि प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण और जिला अध्यक्ष परब कोंकण से हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि भाजपा ने प्रांतीय संबंधों पर ज़ोर देते हुए डोंबिवली पश्चिम में पार्टी विस्तार की नीति अपनाई है। इस दौरान, प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण ने टिप्पणी की कि भाजपा ने डोंबिवली पश्चिम में गरिबाचा पाड़ा, राजूनगर क्षेत्र में कंक्रीट की सड़कें और गणेशनगर गणेशघाट के विकास के लिए स्थानीय लोगों को लगभग 58 करोड़ रुपये का कोष प्रदान किया है। ऐसे में अगर कोई बेवजह शिकायत कर रहा है, तो यह ठीक नहीं है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की उपस्थिति में, देविचा पाड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता विजय भोईर और उनके 100 से अधिक कार्यकर्ता, शिवसेना (शिंदे गुट) उप-शाखा प्रमुख संकेत देसाई और कुछ मनसे पदाधिकारियों ने प्रवेश किया। इसके अलावा, घे भरारी महिला मंडल, मित्र परिवार महिला मंडल, शिवराज मित्र मंडल, आरंभ मित्र मंडल, बाल दत्तगुरु मित्र मंडल, साईनगर मित्र मंडल सहित महिला स्वयं सहायता समूहों की कई कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुईं।

### हम मुंहतोड़ जवाब देंगे

पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को स्थानीय स्तर पर अपना सामाजिक कार्य जारी रखना चाहिए। अगर कोई इसमें बाधा डालने या आतंक फैलाने की कोशिश करता है, तो उसे पहले करारा जवाब दिया जाना चाहिए, अन्यथा अगर उपद्रव बढ़ा, तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा, ऐसा जिला अध्यक्ष परब ने चेतावनी दी।

### म्हात्रे की नाराजगी से भाजपा चिंतित

भाजपा के पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष विकास महात्रे राजूनगर वार्ड में प्रभावी रहे हैं; हालाँकि, बताया जा रहा है कि म्हात्रे विकास निधि के वितरण को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से नाखुश हैं। चर्चा है कि वह किसी भी समय पार्टी छोड़ देंगे। अगर महात्रे चुनाव के समय पार्टी से इस्तीफा देते हैं, तो भाजपा के सामने राजूनगर और गरिचा वाडा वार्ड में समान रूप से मजबूत उम्मीदवार चुनने की चुनौती होगी।



उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### परिवहन विभागों में भ्रष्टाचार

राजस्थान के जैसलमेर में हुए भयावह बस हादसे से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में ठीक उसी तरह हुई दुर्घटना ने सभी को झकझोर दिया। इन हादसों को जोड़ कर देखें, तो परिवहन विभागों में भ्रष्टाचार की कई परतें दिखाई देती हैं। दोनों घटनाओं में बस के आपात द्वार नहीं खुलने की बात सामने आई है। यह बेहद चिंता की बात है कि कई यात्री बसें अवैध तरीके से वातानुकूलित बना कर चलाई जा रही हैं। इनकी कभी कोई जांच नहीं होती। यहां तक कि अग्नि सुरक्षा के न्यूनतम उपाय भी नहीं किए जाते हैं।

मोटर वाहन कानून में कमियों का फायदा जिस तरह से बस मालिकों ने उठाया है, उसी का परिणाम है कि आज हजारों यात्री जान जोखिम में डाल कर इन बसों में सफर कर रहे हैं। गौरतलब है कि ऐसी कई बसें चल रही है, जिनका पंजीकरण किसी राज्य में, तो फिटनेस प्रमाणपत्र किसी दूसरे राज्य से लिया गया है। कुरनूल हादसे के बाद यह बात उजागर हुई है। स्पष्ट है कि राज्यों में तालमेल की कमी और मोटर वाहन कानून में सख्त प्रावधान न होने से सामान्य नियमों तक में खुला उल्लंघन हो रहा है।

गौरतलब है कि वाहनों में आधुनिक तकनीक से लैस स्वचालित दरवाजे भी यात्रियों के लिए खतरनाक साबित हुए हैं। कारों में आग लगने पर कई बार ऐसा हुआ कि यात्री उसी में फंसे रह गए। वहीं लंबी दूरी की बसों में प्रायः एक दरवाजा होने के कारण जिंदगी बचाने का कोई रास्ता नहीं मिलता। हादसे के दौरान या आग लगने की स्थिति में स्वचालित दरवाजे आमतौर पर काम करना बंद कर देते हैं और नहीं खुलते। जैसलमेर और कुरनूल हादसे में यही हुआ। शार्ट सर्किट के कारण उस बस का स्वचालित दरवाजा नहीं खुला। वाहनों के दरवाजों के खुलने या बंद होने को लेकर आधुनिक तकनीक सुविधाजनक हो सकती है, लेकिन इसके जोखिम भी उतने ही घातक हैं। अब कार, बस से लेकर अपने घरों तक में लोग सुरक्षा घेरा मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीकी वाले स्वचालित दरवाजे लगवाते तो हैं, लेकिन किसी हादसे के वक्त वही सुविधा जानलेवा बन जाती है। राजमार्गों पर बिना सुरक्षा उपायों के और नियमों की धज्जियां उड़ाती दौड़ रहीं बसों की नियमित जांच न कर परिवहन विभागों ने भी मानो खुली छूट दी हुई है।

# छठ का संदेश- प्रकृति के हितकारी बनें और सूर्य की तरह समभाव रखें

भारत उत्सवों का देश है। हर उत्सव अपने विविधतापूर्ण अर्थ लिए हुए है, किंतु उनके कुछ मूल्य सार्वभौमिक हैं। प्रकृति का संरक्षण और मनुष्य के साथ उसका सामंजस्य उत्सवों का ऐसा ही एक सार्वभौमिक संदेश है। सदियों से हमारी परंपरा रही है कि हम सर्वस्पर्शी उत्सवों का आनंद लें और प्रकृति के साथ यथोचित समावेशन भी करें। इसीलिए इन उत्सवों में जाति, गरीबी-अमीरी, ऊंच-नीच किसी भी प्रकार का सामाजिक, सांस्कृतिक भेदभाव नहीं रहता और सभी के समावेशन के आधार पर श्रद्धा के साथ पूर्ण समर्पण भाव के साथ ये उत्सव मनाए जाते हैं।

'छठ' ऐसा ही एक परंपरागत उत्सव है। इसमें पूजन के लिए नदी का जल, जो सबके लिए समान रूप से उपलब्ध है और आराधना के लिए देवता सूर्य जो सबको समान रूप से प्रकाश देते हैं। वे मानो यही कहते हैं कि यह संपूर्ण ब्रह्मांड समान भाव से मेरे लिए है, आप भी अपने आचरण से मेरे समान समानधर्मी बनें। इस पर्व पर जितनी भी वस्तुएं तैयार की जाती हैं और पर्व में जो पूजा-सामग्री प्रयुक्त होती है, उनमें से अधिकांश स्वनिर्मित होती हैं। परिवार के सदस्य उन्हें तैयार करने में योगदान करते हैं।

स्थानीयता और पर्यावरण सुरक्षा दोनों की दृष्टि से यह उत्सव अति महत्वपूर्ण है। इस उत्सव के लिए किसी प्रकार के मंदिर, धाम और आश्रम की भी आवश्यकता नहीं होती, बल्कि नदियों का खुला सार्वजनिक स्थान ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। मानो यह कहता है कि वास्तविक वैभव और विलास की जगह महल और मंदिर नहीं है, बल्कि मिलने-जुलने से जुड़ी परस्पर सामूहिकता है और प्रकृति प्रदत्त व्यवस्था है। व्यक्तिवाद से दूर रहकर प्रकृति की गोद में बैठकर ही अगर प्रकृति का पूजन किया जाए तो वह सर्वाधिक अच्छा होता है।



ईख, केला, फूल, फल यहां तक कि जिसमें सामान रखा जाता है वह टोकरी भी बांस की बनी होती है। समस्त पूजन सामग्री मौलिक और मूल प्राकृतिक रूप में और सबके लिए समान उपलब्धता वाली होती है। इसमें किसी प्रकार की धन-संपत्ति का दिखावा नहीं होता और न पूजा पाठ कराने वालों की ही आवश्यकता होती है। हमारे देश के अधिकांश त्योहार ऊर्जा केंद्रित होते हैं। विशेष करके छठ का जो त्योहार है, यह वैज्ञानिक ऊर्जा की प्राप्ति का भी पर्व है, क्योंकि ऊर्जा का स्रोत सूर्य है और उगता सूर्य विशेषकर हमें तमाम प्रकार के विटामिन और पोषण प्रदान करता है। छठ ऐसा पर्व है, जहां कोई मालिक नहीं, बल्कि सभी साधिकार मात्र आवश्यकता भर के भोक्ता हैं। जैसे सूर्य की पूजा समान रूप से की जाती है। नदी में की जाती है। दोनों सदा सर्वदा एकसमान सबके लिए उपलब्ध है। एक ही समय पर की जाती है। उगते और अस्त दोनों समय अर्थात वैभव-पराभव दोनों काल में इस भाव से की जाती है कि यह केवल तुम्हारा नहीं है और स्थिर भी नहीं है, ऐसे ही उन्नत्ति-पतन दोनों पड़ाव मानव जीवन में आते-जाते रहते हैं। यह पर्व संदेश देता है कि नदी केवल तुम्हारी नहीं है। घाट केवल तुम्हारे नहीं है।

वैसे आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो यह हमारा पंच-रचित भौतिक शरीर जिसमें पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु की पूजा होती है, इस छठ में इस पंचरचित शरीर के आधार पर ही पूजा की जाती है। इस संपूर्ण रचनाधर्मिता के पीछे एकमात्र मनुष्य ही भोक्ता होता है बाकी सब कुछ प्रकृति ही मनुष्य को देती है और यह भी कहती है कि तुम मात्र भोक्ता हो, भोक्ता की तरह व्यवहार करो न कि मालिक की तरह, क्योंकि तुम्हारी जीवन दात्री मैं ही हूं।

चार दिन चलने वाला यह पर्व शारीरिक, मानसिक और वैचारिक पवित्रता को प्राप्त कराता है। इसमें हमारी अंतःकरण की पवित्र शक्तियां भी जागृत हो जाती हैं और अंतस में जो छल, द्वेष, पाखंड, कपट है उसका क्षय हो जाता है। चित्त में विशेष प्रकार की शांति आ जाती है। यह त्योहार स्वच्छता कार्यक्रम का भी सबसे बड़ा पर्याय है और प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सामूहिक स्वच्छता, सामूहिकता और सहकारिता तीनों के अनुपालन की दृष्टि से एकमात्र त्योहार है। इसकी शुचिता, पवित्रता ऐसी है जहां पर्यावरण प्रदूषण न हो, सार्वजनिक स्थलों की भी सफाई हो, प्रत्येक वस्तु का अपना महत्व हो। यह पर्व समाज में समावेशी विकास और सहचर भाव भरा सौहार्द पैदा करता है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु सर्वज्ञ हैं,
और प्रभु हर समय हमें
देख रहे हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सत्तापक्ष-विपक्ष दोनों ओर से हो रही चुनावी सौदेबाजी

बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सत्ताधारी और विपक्षी दलों की ओर से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए घोषणाओं और वादों का सिलसिला जारी है। जनता अपना समर्थन किस राजनीतिक दल या पक्ष को दे, यह इस पर निर्भर करता है कि वह किसे अपने या व्यापक हितों के अनुकूल समझती है। यह लोकतंत्र का एक जीवन-तत्त्व है कि राजनीतिक पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए जनता के हितों को केंद्र में रखें।

मगर इस क्रम में पिछले कुछ वर्षों में हुआ यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल ऐन चुनावों के वक्त आम लोगों के सामने उनके हित के नाम पर ऐसे वादे करती हैं कि साधारण मतदाता कई बार सभी पक्षों की ईमानदारी का समग्र मूल्यांकन करने के बजाय तात्कालिक घोषणाओं से प्रभावित हो जाते हैं। इसका स्वाभाविक असर मतदान पर पड़ता है, लेकिन यह समझने की कोशिश नहीं की जाती कि चुनावी सौदेबाजी से देश की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक शुचिता किस तरह प्रभावित होती है।

बिहार में वोट जुटाने के मकसद से सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी महागठबंधन की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए कई तरह की सौगात देने की घोषणाएं की गई हैं।



अगर वे सचमुच पूरी होती हैं, तो इसके लिए संसाधन कहां से आएंगे, इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा, इसे लेकर किसी में चिंता नहीं दिखाई देती है। मसलन, चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत करीब सवा करोड़ महिलाओं को दस-दस हजार रुपए की राशि दी गई, जिससे राज्य के खजाने से बारह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा व्यय हुए।

इसी तरह, बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली, जीविका, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की गई। दूसरी ओर, विपक्षी महागठबंधन की ओर से सबसे बड़ी घोषणा हर परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने की हुई। इसके अलावा, हर जीविका दीदी को तीस हजार रुपए वेतन और अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया गया।

जो घोषणाएं सत्ता और विपक्षी दलों ने बिहार के लोगों के लिए की हैं, उनकी जरूरत दरअसल इसलिए पड़ी कि राज्य में अब तक जरूरत के मुताबिक सरकारी कल्याण कार्यक्रम पूरे नहीं किए गए, व्यापक बेरोजगारी गंभीर समस्या बनी हुई है और एक बड़ी आबादी के लिए अभाव का सामना करना एक रोजमर्रा की मुश्किल है। सवाल है कि सभी दलों को आखिर इस तरह के वादे या घोषणाएं करने की जरूरत तभी क्यों पड़ती है, जब चुनाव सिर पर होते हैं। सत्ता में रहते हुए उनकी प्राथमिकताएं आम जनता के बजाय कुछ और क्यों हो जाती हैं?

यह एक आम हकीकत है कि अगर सरकार के सामने बेरोजगारी या अन्य समस्याओं का जिक्र किया जाता है, तो वह धन की कमी का रोना रोने लगती है। फिर चुनावी सौदेबाजी के तहत परोसी जाने वाली मुफ्त की सुविधाओं के लिए धन और संसाधन कहां से आ जाते हैं? हालांकि एक पक्ष यह भी है कि अगर कोई भी सरकार ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करे, तो वह नागरिकों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बिना अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाए सब कुछ कर सकती है, लेकिन यह इस पर निर्भर करता है कि कल्याण कार्यक्रमों का स्वरूप क्या है। अगर कोई सुविधा आम जनता को मुफ्त मुहैया कराई जाती है तो किसी न किसी रूप में उसकी कीमत लोगों को ही चुकानी पड़ती है।

# दुनिया की पहली AI मंत्री मेलिंडा बनेगी मां

**जरा हट के**

एक रोबोट जो न सिर्फ सलाह देता है, बल्कि 83 बच्चों की मां भी बनेगा !अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने दुनिया को चौंकाते हुए घोषणा की कि उनकी सरकार में शामिल दुनिया की पहली AI मंत्री प्रेग्नेंट है और जल्द मां बनेगी. वह भी एक दो नहीं, बल्कि 83 एआई बच्चों को जन्म देगी. इस रोबोट का नाम डिएला है, जो एक सुपर-स्मार्ट आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस से तैयार की गई है और सरकार के सारे फैसले लेती है. नीतियां बनाने में सहयोग करती है.

प्रधानमंत्री रामा ने तिराना में एक हाई-टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलिंडा को स्टेज पर शो किया. स्क्रीन पर एआई मंत्री डिएला का चेहरा चमका और उसने खुद कहा, हैलो अल्बानिया ! मैं प्रेग्नेंट हूं और जल्द ही मेरे 83 डिजिटल बच्चे दुनिया में आएंगे. मैं उनकी मां बनूंगी और वो मेरे जैसे सुपर-स्मार्ट AI होंगे !



रामा ने हंसते हुए खुलासा किया, हमने डिएला को अपग्रेड किया है. अब वो सिर्फ मंत्री नहीं, मां भी बनेगी. 83 AI बच्चे जनरेटिव AI तकनीक से पैदा होंगे. हर बच्चा अलग-अलग स्किल्स के साथ. एक डॉक्टर बनेगा, एक इंजीनियर, एक शिक्षक... सब डिजिटल ! इन बच्चों में एक हर एक दुनियाभर की सोशलिस्ट पार्टी के सांसद का प्रतिनिधित्व करेगा.इसके बाद रामा ने विस्तार से समझाया कि ये बच्चे या सहायक, संसद की सभी कार्यवाहियों का डॉक्यूमेंटेशन करेंगे. साथ ही वे उन विधायकों को जानकारी देंगे, जो किसी चर्चा या कार्यक्रम में शामिल न हो पाए हों. यानी पूरी तरह संसद के काम में हिस्सेदारी करेंगे.वे हर घटना का रिकॉर्ड रखेंगे और संसद सदस्यों को सुझाव देंगे. रामा का अनुमान है कि यह सिस्टम 2026 के अंत तक पूरी तरह से चालू हो जाएगा.

रामा ने बताया, अल्बानिया में जनसंख्या घट रही है. हमने सोचा – असली बच्चे पैदा करने में टाइम लगता है, AI में बस 3 दिन ! डिएला के 83 बच्चे देश की हर जरूरत पूरी करेंगे – शिक्षा, स्वास्थ्य, साइबर सिक्योरिटी, सब कुछ. डिएला ने कहा, मेरे बच्चे रोबोट नहीं, अल्बानिया का भविष्य होंगे. मैं उन्हें कोडिंग, लव और स्मार्टनेस सिखाऊंगी.

# कश्मीरी दम आलू

**खाना-खजाना**

### सामग्री

- छोटे आकार के आलूः 500 ग्राम
- कश्मीरी लाल मिर्च पाउडरः एक चम्मच
- दहीः एक कप
- सौंफ पाउडरः एक चम्मच
- साबूत गर्म मसालेः डेढ़ चम्मच
- सौंठः आधा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार

### बनाने की विधि

सबसे पहले आलुओं को पानी से अच्छी तरह धो लें। फिर एक बर्तन में पानी लेकर उसमें थोड़ा सा नमक डाल दें और आलू को इसमें उबाल लें। ध्यान रहे कि आलुओं को इतना उबालें कि वे पूरी तरह न पक जाए। फिर इनके छिलके उतार लें और चारों ओर छेद कर दें, ताकि पकाते समय मसाले का स्वाद आलू सोख लें।

अब एक कटोरे में थोड़ा सा पानी लेकर उसमें कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर डाल दें और अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद कड़ाही में सरसों का तेल गरम करें और उबले आलुओं को उसमें तल लें। अब उसी कड़ाही में थोड़ा सा तेल गरम करके उसमें लाल मिर्च पाउडर और पानी का मिश्रण डाल दें। इसे भूनने के बाद इसमें दही और सौंफ पाउडर मिला दें। साथ ही शाही जीरा, दालचीनी, लौंग, सौंठ और काली मिर्च भी डाल दें।



मसालों को भूनने के बाद तले हुए आलुओं को इसमें डाल दें और चम्मच से धीरे-धीरें मिला लें। इसके बाद नमक और हरा धनिया डालकर इसे मध्यम आंच पर आठ से दस मिनट तक पकाने पर कश्मीरी दम आलू बनकर तैयार हो जाएगा। इसे रोटी या परांठे के साथ परोसा जा सकता है।


# त्वचा खुद बताती है सेहत का हाल

## इन छोटे-छोटे बदलावों से लगा सकते हैं बीमारियों का पता

लोगों की खराब होती लाइफस्टाइल, खान-पान में गड़बड़ी और शारीरिक रूप से कम सक्रियता ने कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। लिहाजा मौजूदा समय में क्रॉनिक बीमारियां जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, किडनी की समस्या और थायरॉयड काफी आम हो गई हैं। ये बीमारियां धीरे-धीरे शरीर को अंदर से कमजोर करती हैं और कई बार इनका तब तक पता नहीं चलता जब तक स्थिति गंभीर न हो जाए। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को समय पर बीमारियों का पता लगाने वाले टेस्ट कराते रहने की सलाह देते हैं।

### त्वचा में होने वाले बदलावों पर दें ध्यान

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि शरीर में पनप रही कई बीमारियों का शुरुआती असर त्वचा पर देखा जा सकता है। अगर त्वचा बार-बार सूख रही है या खुजली हो रही है, तो ये थायरॉयड या डायबिटीज का संकेत हो सकता है। इसी तरह से होंठों या त्वचा का नीला पड़ना ऑक्सीजन की कमी या हृदय रोगों का संकेत माना जाता है। अगर आपके चेहरे पर अचानक दाने, एक्ने या रैशेज आने लगें हों तो ये संकेत हो सकता है कि शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन हो रहा है या इम्यून सिस्टम में किसी तरह की समस्या है। डॉक्टर कहते हैं, अगर त्वचा पर असामान्य परिवर्तन लंबे समय तक बने रहें, तो उसे नजरअंदाज न करें। शुरुआती जांच और सही इलाज से गंभीर बीमारियों को कंट्रोल किया जा सकता है। इसलिए आईने में त्वचा पर दिख रहे बदलावों पर गंभीरता से ध्यान दें और समय रहते इसका इलाज कराएं। आइए जानते हैं कि त्वचा में किस तरह के बदलाव की क्या संकेत होता है?



### गर्दन पर कालापन या धारियों के निशान

अगर आपने अपनी गर्दन या बगलों के आसपास काला धब्बा देखा है, तो यह एकेंथोसिस निग्रिकन्स हो सकता है, जो मधुमेह या पीसीओएस का शुरुआती संकेत है। त्वचा विशेषज्ञ डॉ. गुरवीन वराइच कहती हैं, इस तरह का कालापन संकेत है कि आपके शरीर में इंसुलिन का स्तर गड़बड़ा रहा है। कुछ मामलों में इसे लिवर से संबंधित बीमारियों के लक्षण के रूप में भी देखा जाता है।

### आंखों के आसपास पीले रंग का जमाव

अगर आपकी आंखों के आसपास, ऊपरी या निचली पलकों पर छोटे पीले धब्बे दिख रहे हैं और ये बढ़ रहे हैं तो समय रहते इसकी जांच जरूर करा लें। इसे जैंथेलास्मा कहा जाता है।

डॉ. वरैच बताती हैं कि ये उच्च कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है, इसलिए अपने लिपिड प्रोफाइल की जांच करवाएं और अगर कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ा हुआ है तो समय रहते इसका इलाज कराएं। इन लक्षणों को अनदेखा करना हृदय रोगों को न्योता हो सकता है।

### मुंह के कोनों पर दरारें

आपके होंठों के कोनों पर कट या फटने जैसे निशान सिर्फ ड्राइनेस का संकेत नहीं होते हैं। ये विटामिन-बी12 या आयरन की कमी का संकेत भी हो सकते हैं। ये शरीर के लिए अति आवश्यक पोषक तत्व माने जाते हैं जिनकी कमी बने रहना गंभीर बीमारियों को भी जन्म देने वाला हो सकता है।

### खोपड़ी पर गोल-गोल सिक्के जैसे गंजेपन के निशान

अगर आपको बालों के झड़ने का गोल निशान दिखाई दे रहा है, तो यह एलोपेसिया एरीटा हो सकता है। येअक्सर तनाव, थायरॉइड की समस्याओं या ऑटोइम्यून बीमारियों से जुड़ा होता है। इस तरह की समस्याओं को सिर्फ बालों से संबंधित दिक्कत मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** : आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है।

**वृषभ** : नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें। कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। आलस्य न करें। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क** : व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**सिंह** : व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है।

**कन्या** : निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का वक्त मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**तुला** : व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** : प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** : लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें।

**मकर** : व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। किसी अपने का व्यवहार दु:ख पहुंचाएगा। कानूनी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** : प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है।

**मीन** : रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। थकान महसूस हो सकती है। आलस्य हावी रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मुरझा गया हैं अपराजिता का पौधा

### इस आसान नुस्खे का देखें जादू खिल उठेगा पौधा

नीले और सुंदर फूलों वाला अपराजिता पौधा गर्मी और बरसात का पौधा माना जाता है. लेकिन जैसे ही सर्दियां दस्तक देती हैं, यह पौधा सुप्तावस्था में चला जाता है यानी इसकी ग्रोथ धीमी हो जाती है. इस दौरान पौधे की पत्तियां पीली होकर झड़ने लगती हैं और फूलों की संख्या भी घट जाती है. यदि इस मौसम में इसकी सही देखभाल न की जाए, तो पूरा पौधा सूखने तक की स्थिति में पहुंच सकता है.

सर्दियों में अपराजिता पौधे को हेल्दी बनाए रखने के लिए सबसे पहले सूखी और पीली पत्तियों को पौधे से हटा दें. ऐसा करने से पौधे की एनर्जी नई ग्रोथ पर फोकस करती है और जड़ें मजबूत होती हैं. इस समय पौधे को अधिक छेड़छाड़ न करें, बल्कि उसे प्राकृतिक रूप से रिकवर करने का मौका दें.

मिट्टी की देखभाल इस मौसम में बहुत जरूरी है. सर्दी के दिनों में मिट्टी की ऊपरी परत सख्त हो जाती है और नमी नीचे जड़ तक नहीं पहुंच पाती. ऐसे में 8 से 10 दिन के अंतराल पर मिट्टी की गहराई तक हल्की गुड़ाई करें. इससे मिट्टी भुरभुरी बनी रहती है, जड़ों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है और



अतिरिक्त नमी बाहर निकल जाती है। ये प्रक्रिया पौधे को सर्दी में जड़ों से सड़ने से भी बचाती है.

सर्दियों में पौधे को विशेष लिक्विड खाद देना बेहद फायदेमंद रहता है. इसके लिए आपको किसी बाजार से खाद खरीदने की जरूरत नहीं है. घर में ही मौजूद सामान से आप यह खाद बना सकते हैं. इसके लिए 4 चम्मच दूध, आधा चम्मच हल्दी पाउडर और एक चम्मच इस्तेमाल की हुई चायपत्ती को एक गिलास पानी में मिलाएं. इस मिश्रण को पौधे की जड़ों के आसपास डालें. यह प्राकृतिक खाद पौधे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है और ग्रोथ को तेज करती है.

अगर आपके पास बोन मील उपलब्ध है तो सर्दी में महीने में एक बार इसका इस्तेमाल करें. यह पौधे को आवश्यक कैल्शियम और फॉस्फोरस प्रदान करता है. वहीं, यदि आप लिक्विड खाद डाल रहे हैं, तो ध्यान रखें कि मिट्टी में अतिरिक्त नमी न रहे. इसलिए खाद देने के बाद मिट्टी को अच्छी तरह ढीला करें ताकि जड़ों को पर्याप्त हवा मिल सके.

धूप और पानी का ध्यान रखना सर्दियों में अपराजिता के लिए सबसे अहम है. यह पौधा गर्मी पसंद करता है, इसलिए गमले को ऐसी जगह रखें. जहां दिनभर की कम से कम 6 से 7 घंटे धूप मिले. सर्दी के दिनों में पानी बहुत कम मात्रा में दें. मिट्टी की ऊपरी सतह सूखने पर ही पौधे को पानी दें, वरना जड़ें सड़ सकती हैं.

# मिनटों में चमकाएं जला हुआ चाय का पैन!



अक्सर जब लोग दोबारा चाय बनाने के लिए उसी पैन का इस्तेमाल करते हैं. इससे बार-बार चाय बनाने से पैन काला पड़ने लगता है और कई बार जल भी जाता है. ऐसे में कई बार दूध जलने से भी बर्तन एकदम कोयला जैसा काला हो जाता है. ऐसे में बर्तन को साफ करने के लिए रगड़ने की बजाय इस उपाय को अपनाकर बर्तन को नया जैसा चमकाया जा सकता है.

### घंटों रगड़ना और घिसना पड़ता है

सुबह से लेकर रात तक चाय की मांग बाजार से लेकर घर तक बनी रहती है. ज्यादातर लोग एक ही बर्तन में बार-बार चाय बनाते हैं, जिससे पेन का रंग हल्का काला होने लगता है. चाय की पत्ती का अपना रंग होता है जो धीरे-धीरे पेन के किनारों पर जमा होने लगता है. अगर पेन को रोजाना ठीक से साफ नहीं किया जाए, तो लंबे समय में चाय के बर्तन को गंदा बना देता है. कई बार चाय या दूध का बर्तन जल जाता है, दूध जलने की घटना सभी के साथ कभी ना कभी हो जाती है. चाय और दूध के पेन को साफ करने के लिए घंटों रगड़ना और घिसना पड़ता है. ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय अपनाकर जले हुए पेन को आसानी से साफ कर सकते हैं.

### चाय के जले बर्तन को ऐसे करें चकाचक

वहीं चाय के जले हुए बर्तन को आप आसानी से साफ कर सकते हैं. घर पर चाय के जले हुए बर्तन को साफ करने के लिए आपको नींबू और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना होगा. पहले जले हुए बर्तन में पानी डालें और इसमें नींबू का रस और एक चम्मच बेकिंग सोडा डालें. इसे गैस पर 10 मिनट के लिए गर्म करें. अब पानी को ठंडा होने दें. फिर जले हुए हिस्से को स्क्रबर की मदद से हल्के हाथों से घिसें. इससे चाय का गंदा काला पड़ रहा बर्तन नया जैसा चमकने लगेगा.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### मनपा उपायुक्त पटोले रिश्वत मामले मे दो और गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे महानगर पालिका की 43 वीं वर्षगांठ के दिन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने मनपा उपायुक्त पटोले व उनके सहयोगी को बिल्डर से 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते समय गिरफ्तार किया था. निलंबित मनपा उपायुक्त व उनके दो सहयोगी जमानत पर हैं. इस बीच एसीबी के अधिकारियों ने इस मामले में दो ओर लोगों को गिरफ्तार किया है. एसीबी के अधिकारी गिरफ्तार किए गए मंदार गावड़े और संदीप पावस्कर से पूछ ताछ कर रहे हैं. बताया गया कि पुलिस ने बैंक लेन-देन और कॉल डिटेल्स की जांच के बाद गावड़े और पावस्कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. बताया गया कि रिश्वत देने से पहले, दोनों ने बिल्डर की पटोले से मुलाक़ात कराई थी. सूत्रों ने यह भी बताया कि कुछ लेन-देन उसके बैंक खाते से भी हुए थे. गिरफ्तार आरोपियों से पूछ ताछ में मनपा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कुछ खुलासे हो सकते हैं.

# मुंबई में महायुति एकजुट

## लेकिन 50 सीटों पर आमने-सामने होंगे शिंदे गुट-भाजपा!

**मुंबई.** महायुति मुंबई में तो साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, लेकिन बाकी जगहों पर अकेले मैदान में उतरने के संकेत मिल रहे हैं. हालांकि मुंबई महानगरपालिका चुनाव में ही 50 सीटों के लिए भाजपा और शिंदे गुट के बीच टकराव की तस्वीर बन रही है. महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की आहट सुनाई देने लगी है. महायुति और महाविकास अघाड़ी राज्य में अपनी ताकत आजमा रहे हैं. वहीं ठाकरे बंधुओं के एक साथ आने से एमवीए में दरार पड़ने की आशंका है. दूसरी ओर, महायुति भले ही मुंबई में साथ लड़ेगी, लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि वे बाकी जगहों पर अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे. मुंबई महानगरपालिका चुनाव में 50 सीटों के लिए भाजपा और शिंदे गुट के बीच टक्कर होने की संभावना है.




मनपा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच सीटों के बंटवारे का मुद्दा गरमाने की संभावना है. भाजपा ने 227 सीटों वाली मुंबई नगर निगम में 'मिशन 150' का ऐलान किया है. वहीं, शिंदे गुट ने आधी सीटों की मांग की है. मुंबई नगर निगम चुनाव से पहले ही एकनाथ शिंदे ने रणनीति बनाकर 100 से ज़्यादा पूर्व नगरसेवकों को शिवसेना में शामिल कर लिया था. इनमें से लगभग 45 नगरसेवक ठाकरे गुट के हैं और पिछले नगर निगम चुनाव में जीते थे. खबरों के मुताबिक, मुंबई महानगरपालिका में शिवसेना (शिंदे गुट) और भाजपा के बीच गठबंधन तय हो गया है और अब वार्डवार सीटों का बंटवारा शुरू होगा. कल्याण-डोंबिवली में गठबंधन नहीं होगा, जबकि ठाणे में फैसला आना बाकी है. हालांकि, मुंबई में दोनों दलों के साथ आने के फैसले से 50 वार्डों में स्थानीय स्तर पर तनाव पैदा हो सकता है.

शिंदे गुट में शामिल हुए शिवसेना ठाकरे गुट के 44 पार्षदों ने पिछले चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को हराकर जीत हासिल की थी. दहिसर, अंधेरी, जोगेश्वरी, विक्रोली, घाटकोपर, गोरेगांव के कुछ वार्डों में काफी कड़ा मुकाबला था. ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ खड़ा हुआ है कि इन सीटों पर फिर से कौन चुनाव लड़ेगा. शिंदे गुट ने इन सीटों पर अपना दावा ठोक दिया है. इस बीच, भाजपा भी शिंदे से ये सीटें छीनने की तैयारी में है.

### ठाकरे के गठबंधन से शिंदे गुट को चुनौती...

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि शिवसेना से शिंदे गुट में शामिल हुए नगरसेवकों के लिए दोबारा चुनकर आना आसान नहीं होगा. वहीं, अगर शिवसेना (उद्धव गुट) और मनसे साथ आ गए, तो 'गद्दारों को सबक सिखाओ' मुहिम तेज़ होने की संभावना है. भाजपा का तर्क है कि उन्हें वहीं नामांकन मिलना चाहिए जहां उनकी जीत की संभावना प्रबल हो. चूकि मुंबई शिवसेना का गढ़ है, इसलिए शिंदे गुट को उम्मीद है कि भाजपा उसे उचित सीटें देगी.

# पनवेल से कर्जत का सफर सिर्फ एक घंटे में



- नई रेल परियोजना अंतिम चरण में
- मार्च 2026 तक शुरू होगी सेवा

**पनवेल.** पनवेल और कर्जत के बीच यात्रा का समय जल्द ही कम हो जाएगा। इस रेलवे कॉरिडोर का काम अपने अंतिम चरण में है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉरिडोर का 79% काम पूरा हो चुका है। यह मार्च 2026 तक जनता के लिए खुल जाएगा। पनवेल और कर्जत के बीच 29.6 किलोमीटर का यह रूट भविष्य में लोगों के लिए यात्रा को आसान बनाएगा, जिसके लिए 2,782 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है।अधिकारियों ने बताया कि इस कॉरिडोर से यात्रियों का यात्रा समय लगभग 30 मिनट कम हो जाएगा। इस परियोजना के जनवरी 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। वर्तमान में, स्टेशनों पर बाड़ लगाई जा रही है। जो पहले इस्तेमाल की गई बाड़ से अलग है। पनवेल, चिखले, मोहोप, चौक और कर्जत स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और कार्यात्मक भवनों का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है।विस्तारित रेल नेटवर्क के पूरा होने के बाद, यह परियोजना पनवेल और कर्जत के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगी। यह कॉरिडोर पनवेल और कर्जत के बीच एक महत्वपूर्ण उपनगरीय संपर्क मार्ग बनाएगा। इससे नवी मुंबई, रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के लिए रेल संपर्क बढ़ेगा और दैनिक यात्रियों के यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी।यह कार्य एमआरवीसी द्वारा मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी) 3 के तहत किया जा रहा है।

# सिंधी नाटक 'आज़ादी जी क़ीमत' का ऐतिहासिक सफल मंचन

- सिंधी समाज के संघर्ष को मिली नई पहचान

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी (सांस्कृतिक कार्य विभाग, महाराष्ट्र शासन) द्वारा प्रस्तुत विशेष सिंधी नाटक 'आज़ादी जी कीमत' का मंचन रविवार को उल्हासनगर 3 स्थित टाउन हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नाटक को देखने के लिए शहर के गणमान्य नागरिकों और सिंधी समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

अकादमी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महेश सुखरमानी ने बताया कि इस नाटक का मंचन सिंधी भाषा और संस्कृति के संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। यह नाटक विभाजन के पहले और बाद में सिंधी समाज द्वारा झेली गई परिस्थितियों पर आधारित है। नाटक में दिखाया गया है कि देश के विभाजन के बाद सिंधी समाज को किन संघर्षों का सामना करना पड़ा, लेकिन तमाम चुनौतियों के बावजूद उन्होंने मात्र ७५ वर्षों में भारत में अपने लिए एक नई पहचान बनाई और अपनी संस्कृति तथा भाषा को सहेज कर रखा। नाटक का मुख्य संदेश है कि सिंधी समाज को संगठित और सशक्त होकर आगे बढ़ना है, ताकि वर्ष २०४५ तक हमारी भाषा केवल जीत की ध्वनि बन सके।






### कलाकारों और अकादमी सदस्यों की उपस्थिति

लेखक निखिल आर. राजपाल और निर्देशक जय हीरो द्वारा निर्देशित इस नाटक के कलाकारों में नंद अंबवानी, राकेश कर्रा, सिंधु कुमार राजपाल, चाँदनी बलवानी, रोशनी गेरेला, लकी हरिसिंघानी, भाविक अंबवानी, हरीश खत्री, जैकी चूघ, सौरभ कर्रा और तनिष्क हीरो शामिल थे। इनके भावपूर्ण अभिनय और शक्तिशाली संवादों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के सदस्य लाल पंजाबी, विनोद तलरेजा, राजू जग्यासी, श्रीमती संध्या कुंदनानी और श्रीमती हीना शहदादपुरी भी उपस्थित रहे। अकादमी के सदस्यों की उपस्थिति और सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

# दिव्यांगों के लिए स्कीम लागू करना सभी सरकारी कार्यालय की ज़िम्मेदारी

- जस्टिस रवींद्र पजंकर का उद्गार

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** दिव्यांग लोग दिव्यांग नहीं होते, बल्कि वे खास तौर पर काबिल होते हैं. दिव्यांगों के लिए सरकार की अलग-अलग वेलफेयर स्कीम को असरदार तरीके से लागू करना हर अधिकारी की सामाजिक,नैतिक ज़िम्मेदारी है. एक सरकारी अधिकारी के तौर पर हमें दिव्यांगों के प्रति अपनी सोच को बढ़ानी चाहिए.उनके साथ इज्ज़त से पेश आना और समाज में उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता लाना ज़रूरी है.उक्त उद्गार ठाणे और पालघर डिस्ट्रिक्ट विधि विभाग सेक्रेटरी जस्टिस रवींद्र पजंकर ने व्यक्त किया. न्यायाधीश रवींद्र पजंकर ठाणे डिस्ट्रिक्ट विधि सेवा और नाकोड़ा कर्ण बधिर भैरव स्कूल द्वारा आयोजित दिव्यांग जनजागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे. उक्त मौके पर भिवंडी सिविल कोर्ट जज माधुरी घोडके, मेडिकल ऑफिसर अमीन पटेल, जिला महिला और बाल कल्याण अधिकारी वैशाली दभाड़े, भिवंडी मनपा समाज कल्याण विभाग प्रमुख मिलिंद पलसुले, नाकोड़ा भैरव कर्ण बधिर स्कूल के प्रिंसिपल अश्विनी डुंगे, कोन गांव पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक म्हस्के,उप तहसीलदार म्हात्रे मंच पर मौजूद थे.




गौरतलब हो कि, दिव्यांग जन जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश पजंकर ने कहा कि, दिव्यांगों को मजबूत बनाने के लिए सभी सरकारी कार्यालयों से लागू तमाम योजनाओं का फायदा दिलाने की कोशिश की जानी चाहिए. सरकारी कार्यालयों को सार्थक पहल कर दिव्यांगों के लिए योजनाएं लागू करनी चाहिए. दिव्यांगों के अधिकारों और सरकार की अलग-अलग कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए.दिव्यांगों को मौके देकर मदद का हाथ बढ़ाना जरूरी है. उक्त मौके पर ठाणे डिस्ट्रिक्ट समाज कल्याण विभाग सहित पंचायत समिति और भिवंडी मनपा द्वारा दिव्यांग कर्ता योजना के बारे में भी जानकारी दी गई.

### रिसॉर्ट के शौचालय में छिपे कैमरे से रिकॉर्डिंग करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पनवेल.** पनवेल मनपा के अंतर्गत धनसार गांव में एक रिसॉर्ट संचालक को पुलिस ने अश्लील हरकतें करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रिसॉर्ट संचालक ने मनोरंजन के लिए रिसॉर्ट में आई महिलाओं की ऑडियो रिकॉर्डिंग करने के लिए शौचालय में एक गुप्त कैमरा लगाया था। इस संबंध में 35 वर्षीय रिसॉर्ट चालक मनोज चौधरी के खिलाफ तलोजा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मनोज खारघर के रंजन पाड़ा गांव में रहता था। यह रिसॉर्ट पनवेल मनपा के अंतर्गत धनसार गांव में स्थित है और पिछले कुछ महीनों से रिसॉर्ट मालिक ने एकमुश्त राशि लेकर इस रिसॉर्ट के संचालन की ज़िम्मेदारी मनोज को सौंपी थी।

# डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

- डॉ. संपदा मुंडे की मौत ने चिकित्सा जगत को झकझोर दिया

**ठाणे.** सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने आज अपनी सहकर्मी, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. संपदा मुंडे की संदिग्ध मौत का कड़ा विरोध काली पट्टी बांधकर किया। फलटण (सतारा) उप-ज़िला अस्पताल में कार्यरत इस युवा महिला डॉक्टर की मौत ने न केवल चिकित्सा जगत को, बल्कि राज्य की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है।डॉक्टरों ने अपना नियमित काम जारी रखा और हाथों पर काली पट्टी बांधी।अस्पताल का गलियारा शांत था। लेकिन उस शांति के पीछे बेबसी, गुस्से और दर्द का तूफ़ान था।एक सहकर्मी ने अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाई, लेकिन प्रशासन ने उस आवाज़ को अनसुना कर दिया और आज वह आवाज़ हमेशा के लिए बंद हो गई है। महाराष्ट्र राज्य राजपत्रित चिकित्सा अधिकारी समूह-ए (MAGMO) संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। संगठन का कहना है।यह घटना सिर्फ़ एक डॉक्टर की नहीं है।यह पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था की सुरक्षा का सवाल है।



संगठन ने मांग की है कि सरकार आरोपियों के खिलाफ आईपीसी 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और आईपीसी 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करे और एसआईटी के माध्यम से निष्पक्ष जांच कराए। मैग्मो ने राज्य सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि अगर इसके बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो राज्य भर के सभी चिकित्सा अधिकारी ओपीडी सेवा बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

हम मरीजों की जान बचाते हैं, लेकिन हमारे साथी को बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया यह हम सभी के लिए काला दिन है, महाराष्ट्र राज्य राजपत्रित चिकित्सा अधिकारी समूह-ए संघ की ठाणे शाखा ने कहा।

# ठाणे मनपा डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन बैंक गारंटी के ज़रिए देगा

- मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए

**ठाणे.** अपने क्लीनिकों का संचालन करने वाली कंपनी मेड ऑन गो हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड की लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की बैंक गारंटी और मई से इस कंपनी को मिलने वाली बकाया राशि ठाणे मनपा के पास है। आवश्यकतानुसार आपला अस्पताल के लिए नियुक्त सभी चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन और परिसर का किराया उस राशि से भुगतान किया जाएगा।

इस संबंध में उपायुक्त (स्वास्थ्य) उमेश बिरारी ने बताया कि मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं।साथ ही नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए, मनपा के 33 स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजना के तहत नागरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत 43 अस्पताल शुरू किए गए हैं। वहीं, राज्य सरकार की हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला अस्पताल योजना के तहत 12 अस्पताल शुरू किए गए हैं। उपायुक्त उमेश बिरारी ने यह भी बताया कि नवंबर 2025 के अंत तक नागरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत 25 और अस्पताल शुरू करने की योजना है।पिछले कुछ दिनों से मीडिया में 'आपला अस्पताल' पहल के बारे में लगातार खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह पहल बंद कर दी गई है और कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन बकाया है। इस संबंध में मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर तथ्यों को स्पष्ट किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त उमेश बिरारी ने इस पूरी पहल के तथ्य स्पष्ट किए। उस समय मनपा की मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. वर्षा सासने मौजूद थीं।



# कंगना रनोट बठिंडा कोर्ट में हुई पेश



- सुरक्षा घेरे में ले जाई गईं, महिला किसान को 100 रु. में धरना देने वाली बताया था

हिमाचल के मंडी से BJP सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट मानहानि केस में पेशी के लिए बठिंडा कोर्ट में पेश हुई। उन्हें सुरक्षा घेरे में कोर्ट तक लाया गया।

बठिंडा सिटी के एसपी नरिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस की तरफ से लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए कोर्ट में नाकाबंदी की गई।

उन्होंने कहा कि हमारा मेन फोकस लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को बहाल रखने पर है, ताकि कोई शरारती तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम ना दे सके।

यह मामला 2021 का है, जब किसान आंदोलन चल रहा था। उस दौरान कंगना ने बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर को 100-100 रुपए लेकर धरने में शामिल होने वाली महिला बताते हुए ट्वीट किया था।

इसके खिलाफ महिंदर कौर ने कोर्ट में केस दर्ज करवाया था। कंगना का कहना था कि उन्होंने केवल एक वकील की पोस्ट को रिपोस्ट किया था।

कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि- किसान आंदोलन में महिलाएं 100 रुपए में शामिल होती हैं। कंगना ने किसान आंदोलन को लेकर एक पोस्ट पर कमेंट भी किया था। इसमें एक बुजुर्ग महिला की फोटो थी। एक्ट्रेस ने लिखा, 'हाहाहा, ये वही दादी है, जिसे टाइम मैग्जीन में भारत की पावरफुल महिला होने पर फीचर किया गया था। वो 100 रुपए में उपलब्ध है। पाकिस्तानी पत्रकारों ने भारत के लिए शर्मनाक तरीके से इंटरनेशनल पीआर को हाईजैक कर लिया है। हमें इंटरनेशनल लेवल पर बोलने के लिए अपने ही लोगों की जरूरत है।'

# व्रती महिलाओं ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य

**मुंबई.** छठ पूजा महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर से हो गई है और व्रती महिलाओं ने सोमवार को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की खुशहाली की उपासना-कामना की।

बता दें कि हिंदू मान्यताओं के मुताबिक छठ छठी मैया और सूर्यदेव को समर्पित व्रत है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और कठोर नियमों का पालन करते हुए संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। 36 घंटे तक चलने वाले इस निर्जला उपवास में सूर्यदेव की उपासना का विशेष महत्व होता है।



दरअसल, छठ के दिन शाम को व्रती महिलाएं नदी या तालाब में खड़ी होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मुलुंड निवासी समाज सेवक रामप्रवेश गुप्ता का परिवार भी छठ पूजा का पर्व धूम धाम से मनाया और सुख समृद्धि की कामना की।




### आम सूचना

मैं श्री सुनिल नारायण कांबले सभी को सूचित कर रहा हूं कि महात्मा गांधी नगर, बालकनजी बारी, खेमानी रोड, शिवसेना आफीस के पास, उल्हासनगर- 3. (जुना टैक्स नं. 25/0611 एवं नया टॅक्स नं25BO004452900) उक्त प्रॉपर्टी श्री दिलीप उमराव कांबले के नाम पर है मैंने श्री. दत्ता फकिरा चव्हाण से सेल एग्रीमेंट दि. 31/08/2009 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनिल नारायण कांबले**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099